metadata, citation and similar papers at core.ac.uk
brought to you by CORE
provided by CMFRI Digital Repository

बासीन कोल्लिवाडा (वसाइ) अवतरण केंद्र, ताने जिला, महाराष्ट्र में कारली डोल जाल द्वारा रजत पॉम्फ्रेट *पाम्पस आर्जेन्टस* का असाधारण अवतरण

महाराष्ट्र के ताने जिला में स्थित बासीन कोल्लिवाडा अवतरण केंद्र के परंपरागत कारली डोल जाल मात्स्यिकी के लिए 10 जून से 15 अगस्त तक की मानसूनोत्तर मत्स्यन अवधि रजत पॉम्फ्रेट *पाम्पस आर्जेन्टस* के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। पॉम्फ्रेटों से प्राप्त उच्च लाभ के कारण अगस्त से नवंबर तक की प्रमुख मात्स्यिकी पॉम्फ्रेटों पर केन्द्रित होती है।

बासीन कोल्लिवाडा में 27-8-2003 को तीन डोल जालों ने 40 मी की गहराई से रजत पॉम्फ्रेटों की भारी पकड का अवतरण किया। जाल का जालक्षि आयाम 60-80 मि मी था। प्रमुख पकड रजत पॉम्फ्रेट थी (89.5%) और अन्य थीं *पी. चिनेनसिस, पी. नाइगर,* सुरमई, सुरा, *काइरोसेन्ट्रस डोराब,* शिंगटी और काटी (*पेल्लोना* जातियाँ), जिनकी मात्रा कुल अवतरण का 8-10% थी। रजत पाम्फ्रेटों की कुल पकड लगभग 7915 कि ग्रा थी जिससे कुल आय 11 लाख रु. था। पॉम्फ्रेटों का मूल्य भार के आधार पर वर्गीकरण के अनुसार बदलता है। अगस्त, 2003 के दौरान विविध ग्रेड के लिए इस केंद्र में मूल्य निम्न प्रकार था।

क्रम सं	ग्रेड	भार (ग्रा)	मूल्य/ कि ग्रा
1.	सूपर पॉम्फ्रेट	510 के ऊपर	350/- रु.
2.	नं:1 पॉम्फ्रेट	410-509	250/- रु.
3.	नं:2 पॉम्फ्रेट	310-409	215/- रु.
4.	नं:3 पॉम्फ्रेट	210-309	150/- रु.
5.	नं:4 पॉम्फ्रेट	110-209	80/- रु.

बहत्तर आय और अंतर्राष्ट्रीय माँग की दृष्टि में मछुए सूपर पाम्फ्रेट के मत्स्यन खूब पसन्द करते है।



पॉम्फ्रेट *पाम्पस आर्जेन्टस*

मुख्य शब्द/Keywords

रजत पाम्फ्रेट - silver pomfret
सुरा - shark

पत्रव्यवहार

बी.बी. चवान, के.बी. वाग्मेयर और यू.एच. राणे
सी एम एफ आर आइ मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई, महाराष्ट्र